**SCHEDULE II**

**FORM B**

PUBLIC ANNOUNCEMENT

(Regulation 12 of the Insolvency and Bankruptcy Board of India

(Liquidation Process)Regulations, 2016)

FOR THE ATTENTION OF THE STAKEHOLDERS OF

GWALIOR POLYPIPES LIMITED

| Sl. No. | PARTICULARS | DETAILS |
|---|---|---|
| 1. | Name of corporate debtor | GWALIOR POLYPIPES LIMITED |
| 2. | Date of incorporation of corporate debtor | 19/10/1982 |
| 3. | Authority under which corporate debtor is incorporated /registered | ROC Gwalior |
| 4. | Corporate Identity No. / Limited Liability Identification No.of corporate debtor | U28939MP1982PLC002072 |
| 5. | Address of the registered office and principal place of business (if any) of corporate debtor | **Registered. Office**: Polypipes Estat Malanpur, Industrial Area, Malanpur, Bhind, Madhya Pradesh, 477001<br><br>**Principal Place of Business :** A-170, Indraprastha Industrial Area, Road no. 6, Kota, Rajasthan, 324005 |
| 6. | Date of closure of Insolvency Resolution Process | 07th October 2024 |
| 7. | Liquidation commencement date of corporate debtor | 07th October 2024<br>(Date of receipt of order : 10th October 2024) |
| 8. | Name and registration number of the insolvency professionalacting as liquidator | Mrs. Chhaya Gupta<br>IBBI/IPA-002/IP-N00984/2020-2021/13133 |
| 9. | Address and e-mail of the liquidator, as registered with theBoard | 1,Bima Nagar,,202,Almas Dreams Apartment , Indore-452001, Madhya Pradesh<br>E-Mail Id : guptachayacs@gmail.com |
| 10. | Address and e-mail to be used for correspondence with theliquidator | Address : 911, Apollo Premier, Vijay Nagar Indore-452010<br>E-Mail Id : liq.gwaliorpolypipes@gmail.com |
| 11. | Last date for submission of claims | 09th November 2024 |

Notice is hereby given that the National Company Law Tribunal Indore Bench has ordered the commencement of liquidation of the M/s Gwalior Polypipes Limited on 07.10.2024 (Date of Receipt of order 10.10.2024).

The stakeholders of M/s Gwalior Polypipes Limited are hereby called upon to submit their claims with proof on or before 09th November 2024, to the liquidator at the address mentioned against item No.10.

Chhaya Gupta Insolvency Professional (IP REGD NO. IBBI/IPA-002/IP-N00984/2020-2021/13133) Indore

The financial creditors shall submit their claims with proof by electronic means only. All other creditors may submit the claims with the proof in person, by post or by electronic means.

Submission of false or misleading proof of claims shall attract penalties.

**Thanks & Regards**

Chhaya Gupta Insolvency Professional (IP REGD NO. IBBI/IPA-002/IP-N00984/2020-2021/13133) Indore

**Chhaya Gupta**
**IBBI/IPA-002/IP-N00984/2020-2021/13133**
**AFA Valid till: 30th June 2025**

**Date: 14.10.2024**
**Place: Indore, Madhya Pradesh**





# प्रतिमा विसर्जन करते समय गोताखोर का पैर फिसला ,मौत

**सागरताल के पास बने अस्थाई तालाब में हुआ हादसा**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 13 अक्टूबर।** बहोड़ापुर थाना क्षेत्र स्थित सागरताल के पास बने अस्थाई तालाब में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगल पुत्र पातीराम बाथम निवासी काली माता मंदिर के पीछे लधेड़ी शनिवार की रात माता की प्रतिमा विसर्जन करने के लिए सागरताल के पास बने अस्थाई तालाब पर अपने साथियों के साथ आया था। घर से सभी दोस्तों के साथ भजन-कीर्तन में मगन होकर आया और विधि विधान के साथ तालाब में माता की प्रतिमा का विसर्जन कर रहा था इसी बीच उसका संतुलन बिगड़ गया और वह गहरे पानी में चला गया। आसपास के लोगों तथा उसके साथी बालेंटियरों ने उसे निकालने का प्रयास किया लेकिन जब तक यह लोग उसे बाहर निकाल पाते तब तक उसने दम तोड़ दिया ।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया। घटना शनिवार रात की बताई गई है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

# अजा वर्ग पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ कांग्रेस का आज धरना

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 13 अक्टूबर।** कांग्रेस के बेटी बचाओ अभियान के अंर्तगत आज 14 अक्टूबर को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में काँग्रेसजन ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित सांसद एवं ग्वालियर महानगर की तीनों विधानसभाओं के विधायकगणों को ज्ञापन के माध्यम से मप्र में बेटियों के मान-सम्मान और उनकी रक्षा करने की मांग करेंगें। डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि प्रदेश में अनुसूचित जाति विभाग पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ दोपहर 12 बजे अलकापुरी तिराहा पर मप्र अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार के मुख्यातिथ्य में धरना दिया जाएगा एवं धरने के पश्चात समस्त कांग्रेसजन कांग्रेस के बेटी बचाओ अभियान के अंर्तगत क्षेत्र के सांसद एवं विधायकगणों को ज्ञापन सौंपने के लिए प्रस्थान करेंगे। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि भाजपा सरकार के राज में मप्र में बच्चियों, महिलांओ पर निरंतर बढ़ रहे अपराध अत्याचार, दुराचार के खिलाफ मप्र कांग्रेस कमेटी द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन किए जा रहे है ।


**अनुसूची ।।**
**प्रपत्र बी**
**सार्वजनिक उद्घोषणा**
(इन्सॉल्वैन्सी एंड बैंकरप्सी (परिसमापन प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियमन 12)

**ग्वालियर पॉलीपाइप्स लिमिटेड के हितधारकों के ध्यानार्थ**

| क्र.सं. | विवरण | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | कार्पोरेट ऋणधारक का नाम | **ग्वालियर पॉलीपाइप्स लिमिटेड** |
| 2. | कार्पोरेट ऋणधारक के निगमन की तिथि | 19/10/1982 |
| 3. | वह प्राधिकरण जिसके अधीन कॉर्पोरेट ऋणधारक निगमित / पंजीकृत है | आर ओ सी ग्वालियर |
| 4. | कॉर्पोरेट देनदार की कॉर्पोरेट पहचान संख्या / देयता पहचान सं. | U28939MP1982PLC002072 |
| 5. | कॉर्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय और व्यवसाय के मुख्य स्थान (यदि कोई हो) का पता | **पंजीकृत कार्यालयः** पॉलीपाइप्स एस्टेट मालनपुर, औद्योगिक क्षेत्र, मालनपुर, भिंड, मध्य प्रदेश, 477001 **व्यवसाय का मुख्य कार्यालयः** ए-170, इंद्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र, रोड नंबर 6, कोटा, राजस्थान, 324005 |
| 6. | इन्सॉल्वैन्सी प्रस्ताव प्रक्रिया समाप्त होने की तिथि | 07 अक्टूबर 2024 |
| 7. | कॉर्पोरेट ऋणधारक का परिसमापन शुरू होने की तिथि | 07 अक्टूबर 2024 (आदेश प्राप्ति की तिथि रू 10 अक्टूबर 2024) |
| 8. | परिसमापक के रूप में इन्सॉल्वैन्सी प्रोफेशनल का नाम एवं पंजीकरण संख्या | श्रीमती छाया गुप्ता IBBI/IPA-002/IP-N00984/2020-2021/13133 |
| 9. | बोर्ड के पास पंजीकृत परिसमापक का पता तथा ई-मेल | 1, बीमा नगर, 202, अल्मास ड्रीम्स अपार्टमेंट, इंदौर-452001, मध्य प्रदेश ईमेलः guptachayacs@gmail.com |
| 10. | परिसमापक के साथ पत्राचार हेतु इस्तेमाल किया जाने वाला पता एवं ईमेल | पता : 911, अपोलो प्रीमियर, विजय नगर इंदौर-452010 ई-मेल आईडीः liq.gwaliorpolypipes@gmail.com |
| 11. | दावे जमा करने की अंतिम तिथि | 09 नवंबर 2024 |

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण की इंदौर पीठ ने 07.10.2024 (आदेश प्राप्ति की तिथि 10.10.2024) को मेसर्स ग्वालियर पॉलीपाइप्स लिमिटेड के परिसमापन की शुरुआत करने का आदेश दिया है।
मेसर्स ग्वालियर पॉलीपाइप्स लिमिटेड के हितधारकों से अनुरोध है कि वे 09 नवंबर 2024 को या उससे पहले मद संख्या 10 के समक्ष उल्लिखित पते पर परिसमापक को अपने दावे प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।
वित्तीय ऋणदाता अपने दावे प्रमाण सहित केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। अन्य सभी ऋणदाता प्रमाण सहित दावे व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।
दावों के झूठे या भ्रामक प्रमाण प्रस्तुत करने पर दंड लगाया जाएगा।

हस्ता/
छाया गुप्ता
परिसमापक
IBBI/IPA-002/IP-N00984/2020-2021/13133
एफएए वैधता 30 जून 2025 तक

स्थानः इंदौर मध्य प्रदेश
दिनांकः 14-10-2024


## जनकताल गौशाला में की 650 किलो हरे चारे की सेवा

ग्वालियर । बजरंग भक्त मंडल द्वारा साल 2019 से प्रति सप्ताह निरंतर की जा रही सेवा के क्रम में आज मंडल द्वारा सदस्यों एवं दान दाताओं के सहयोग से जनकताल स्थित गौशाला में 650 किलो हरे चारे की सेवा की गई जिसमे 200 किलो हरे चारे की सेवा शालिनी त्रिपाठी द्वारा, 147 किलो हरे चारे की सेवा भरत गर्ग द्वारा, 100 किलो हरे चारे की सेवा अनिल गुप्ता द्वारा 100 किलो हरे चारे की सेवा विशाल अग्रवाल द्वारा 58 किलो हरे चारे की सेवा हरीश चंद्र अग्रवाल एवं 58 किलो हरे चारे की सेवा आकाश सविता द्वारा कुल 650 किलो हरे चारे की सेवा की गई।

# दिवाली-छठ पर्व पर विशेष ट्रेनों का संचालन करेगा रेलवे

**यात्रियों की सुविधा के लिए अक्टूबर,नबंवर में लगाएंगी फेरे**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 13 अक्टूबर।** रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए निरंतर प्रयास करता रहता है। खासकर त्योहारों और प्रमुख पर्वों पर विशेष रेलगाड़ियों का संचालन करता है ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके लिए पर्व और त्योहारों से पूर्व रेलवे द्वारा कई गाड़ियों का संचालन किया जाता है। इसी क्रम में रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों को दिवाली एवं छठ त्यौहार के दृष्टिगत अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से कई विशेष गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। **इन विशेष गाड़ियों का होगा संचालनः** गाड़ी संख्या 09411अहमदाबाद- ग्वालियर सुपरफास्ट विशेष गाड़ी 19,26 अक्टूबर तथा दो नबंवर को कुल 3 फेरे के लिए संचालित की जाएगी तथा गाड़ी संख्या 09412 ग्वालियर- अहमदाबाद 20,27 अक्टूबर तथा तीन नबंवर कुल3 फेरे के लिए संचालित की जाएगी। इसी क्रम में गाड़ी संख्या 09411 अहमदाबाद से समय 20:25 बजे चलकर, गेरतपुर, आनंद, छायापुरी, गोधरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन मक्सी, गुना, शिवपुरी होते हुए ग्वालियर समय 13:00 बजे दोपहर पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 09412 ग्वालियर से 16:30 बजे प्रस्थान कर शिवपुरी, गुना, मक्सी, नागदा, रतलाम, गोधरा, छायापुरी, आनंद, गैरतपुर होते हुए समय 09:05 पहुंचे अहमदाबाद पहुंचेगी। उधना- कानपुर उधना विशेष गाड़ी का संचालनः गाड़ी संख्या 09069 उधना - कानपुर सुपरफास्ट विशेष गाड़ी 21,28 अक्टूबर,चार तथा 11 नबंवर कुल 4 फेरे के लिए संचालित की जाएगी तथा गाड़ी संख्या 09070 कानपुर-उधना 22,29 अक्टूबर पांच नबंवर तथा 12 नबंवर तक कुल 4 फेर हेतु संचालित की जाएगी। गाड़ी संख्या 09069 उदना से समय 05:30 बजे चलकर, सूरत भरूच, वडोदरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, मक्सी, शाजापुर, ब्यावरा राजगढ़, रुठियाई, गुना, शिवपुरी ठहराव लेते हुए झांसी मंडल के ग्वालियर स्टेशन पर समय 01:00- 01:10, सोनी स्टेशन पर समय 02:00- 02:02, भिंड स्टेशन पर समय 2:30- 02:32 बजे, इटावा स्टेशन पर 3:38- 3:40 होते हुए कानपुर सुबह 6:30 बजे पहुंचेगी। वापसी में कानपुर से 9:30 बजे प्रस्थान कर 12:38 -12:40 बजे इटावा, 13:35- 13:37 बजे भिंड, 14:10 - 14:12 सोनी, 15:50- 16:00 बजे ग्वालियर ठहराव लेते हुए शिवपुरी, गुना, रुठियाई, ब्यावरा राजगढ़, शाजापुर, मक्सी, उज्जैन, नागदा, रतलाम, बड़ौदा, भरूच, सूरत होते हुए समय 10:00 बजे उधना पहुंचेगी।

# आयशर ने बाइक में टक्कर मारी,मौत

**घटना मोहना थानांतर्गत फोरेस्ट चौकी के पास फोरलेन रोड की**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 13 अक्टूबर।** तेज रफ्तार आयसर वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हो गई। बाइक सवार युवक अपने घर लौट रहा था, तभी हाइवे पर आयसर वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। घटना मोहना थानांतर्गत फोरेस्ट चौकी के पास फोरलेन रोड की है। पुलिस के मुताबिक भंवरपुरा के सिकरावली गांव में रहने वाला लोहरे पुत्र गंगाराम गुर्जर किसी काम से मोहना गया था। काम निपटाने के बाद वह वापस लौट रहा था और अभी फॉरेस्ट चौकी के सामने पहुंचा था कि तभी तेज रफ़्तार में आए आयसर वाहन क्रमांक यूपी 38 टी 9268 के चालक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। बाइक सवार को रौंदने के बाद आरोपी आयसर चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी तुरंत मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल में लेकर पहुंची, लेकिन नब्ज टटोलते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# चैकिंग प्वॉइंट लगाकर वाहनों से लिए दूध के नमूने

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 13 अक्टूबर।** जिले में खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए जिला प्रशासन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में रविवार को खाद्य सुरक्षा विभाग के दलों ने पुरानी छावनी और बडागॉव हाइवे पुल के पास चैकिंग पाइन्ट लगाकर दूध वाहनों की जाँच की। चैक पाइन्ट पर मुरैना जिले की ओर से दूध लेकर आ रहे वाहनों के दूध की मौके पर ही चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से जाँच की गयी। जाँच में फैट एवं एसएनएफ मानक अनुरूप न पाये जाने पर देवेन्द्र गुर्जर निवासी बारे का पुरा



मुरैना, सुनील कुमार शर्मा निवासी मुरैना एवं जितेन्द्र गुर्जर निवासी मुरैना द्वारा ले जाए जा रहे दूध के नमूने जाँच के लिए एकत्रित किए। इन नमूनों की जाँच राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल में कराई जायेगी। इसी तरह बडागॉव पुल पर लगाए गए दूध वाहनों के चैकिंग पाइन्ट पर रोशन सिंह निवासी बिल्हेटी, मातादीन प्रजापति निवासी ग्राम गोबई, दिलीप रजक और श्यामवीर गुर्जर निवासी पारसेन से दूध के नमूने जाँच के लिए एकत्रित किए गए। पुरानी छावनी पर लगाए गए चैकिंग प्वॉइंट पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी लोकेन्द्र सिंह, दिनेश सिंह निम व सुश्री निरूपमा शर्मा ने नमूने लिए। इसी तरह बड़ागांव चैकिंग प्वॉइंट पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी सतीश शर्मा व सतीश धाकड़ द्वारा नमूने लिए गए। रविवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी बृजेश शिरोमणि ने आनन्द बेकर्स मुरार से मदर डेयरी ब्राण्ड का दूध का नमूना लिया ।नमूनों को जॉच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे जायेंगे। जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।


**सेन्ट बैंक होम फायनेन्स लिमिटेड**
**Cent Bank Home Finance Limited**
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया की अनुषंगी Subsidiary of Central Bank of India

**परिशिष्ट IV [नियम 8(1)]**
**(कब्जा नोटिस)**
**अचल संपत्ति के लिए**

हस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन एक्ट-2002 के अधीन जो कि **सेन्ट बैक होम फाइनेंस लिमिटेड ग्वालियर, शाखा** का प्राधिकृत अधिकारी है। प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के साथ पठित धारा 13 (12) के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना नीचे खाते के आगे लिखित दिनांक को एक नोटिस में वर्णित राशि एवं अंकित दिनांक से ब्याज एवं अन्य प्रभार, सूचना की प्राप्ति की दिनांक से **60 दिन** के भीतर **सेन्ट बैक होम फाइनेंस लिमिटेड, ग्वालियर,** को प्रतिदाय करने की मांग करने के लिये जारी किया। अधोलिखित ऋणी द्वारा रकम का भुगतान करने में असफल रहने पर उधार लेने वाले ऋणी,जमानतदार और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त एक्ट की धारा 13 (4) के अन्तर्गत नियम 8 मे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे खाते के आगे लिखित दिनांक को इसमें नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधार लेने वाले ऋणी /जमानतदार एवं विशिष्ट रुप से जनसाधारण को इस के द्वारा चेतावनी दी जाती है की इस संपत्ति के संबंध में व्यवहार न करें एवं संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार का व्यवहार **सेन्ट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड, ग्वालियर,** के खाते के आगे वर्णित राशि के बाद ब्याज एवं अन्य प्रभार के अधीन होगा।

| उधारकर्ता/गारंटर का नाम और खाता संख्या | अचल संपत्ति का विवरण | तिथि: एन.पी.ए की / 13(2) नोटिस की / सांकेतिक कब्जे की | मांग सूचना में राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| **श्री जयश्रीराम नरवरिया पुत्र श्री रामकरण सिंह नरवरिया, श्री धर्मेन्द्र सिंह पुत्र श्री जयश्रीराम नरवरिया और श्री कौशलेन्द्र सिंह पुत्र श्री जयश्रीराम नरवरिया खाता संख्या: 00503010000078** | सर्वे नंबर 235मिन-2 के हिस्से में शामिल संपत्ति का समस्त अंश एवं खंड, वार्ड नंबर 15, माँ वैष्णोपुरम, गाँव- गदाईपुरा, ग्वालियर, तहसील और जिला- ग्वालियर (म.प्र.)-474001, कुल क्षेत्रफल - 1250 वर्ग फीट, सीमाएँ: पूर्व में: कल्पना राठौर का प्लॉट, पश्चिम में: सरोज देवी की ज़मीन, उत्तर में: राय सिंह नरवरिया का प्लॉट, दक्षिण में: चौड़ी 35 फ़ीट सड़क | 08.01.2024 / 20.01.2024 / 09.10.2024 | 8,65,606/- + ब्याज और अन्य शुल्क |
| **श्री साधना मिश्रा पत्नी स्वर्गीय श्री सुभाष मिश्रा, श्री अमित मिश्रा पुत्र स्वर्गीय श्री सुभाष मिश्रा, गारंटर- प्रेम प्रकाश पांडे पुत्र श्री गिरजा शंकर पांडे और श्री प्रदीप श्रीवास्तव पुत्र श्री कैलाश प्रसाद श्रीवास्तव खाता संख्या: 00502070002128** | जिसमें सर्वे नं. 1257 के हिस्से में शामिल संपत्ति का समस्त अंश एवं खंड, पटवारी हल्का नं. 41/1, कोटा, लश्कर, विकास खंड, घाटीगांव, जिला- ग्वालियर (म.प्र.)-474001, कुल क्षेत्रफल - 1800 वर्ग फीट, सीमाएं: पूर्व में : सड़क 18 फीट, पश्चिम में : भूमि विक्रेता, उत्तर में : भूमि विक्रेता, दक्षिण में : सड़क 30 फीट | 19.05.2024 / 24.06.2024 / 09.10.2024 | 6,55,269/- + ब्याज और अन्य शुल्क |

**स्थान : ग्वालियर, दिनांक : 12.10.2024** **प्राधिकृत अधिकारी, सेंट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड, ग्वालियर**
**शाखा : प्लॉट नं.02, महाराणा प्रताप नगर, रूप सिंह स्टेडियम के पास, सिटी सेंटर, ग्वालियर, म. प्र., फोन: 0751-4010206, 2429694**




# अग्रबंधुओं ने बेटियों के पैर पूजे, परिचय सम्मेलन पत्रिका का विमोचन हुआ

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 13 सितम्बर।** अग्रवाल परिचय सम्मेलन द्वारा रविवार को रिश्तों को जोड़ने के उद्देश्य को लेकर 118वें युवक युवती परिचय सम्मेलन की पत्रिका का विमोचन किया गया। परिचय पत्रिका में 360 युवक युवतियों के बायोडाटा प्रकाशित किए गये। इस अवसर पर अग्रवाल परिचय सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश ऐरन ने कहा कि रिश्तों को जोड़ने में परिचय पत्रिका मुख्य माध्यम है, जिसके द्वारा अग्रबंधु अपनी इच्छा मुताबिक रिश्ते कर लेते हैं और परिवार की पूरी जानकारी भी सभी को मिल जाती है। कार्यक्रम में सभी अग्रबंधुओं ने कन्याओं को बेटी के रुप में उनके पैर पूजकर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में मां अम्बा रानी की पूजा की गई। कार्यक्रम में श्रीमती पूनम अग्रवाल, रेनू मंगल, प्रीति बिंदल, ज्योति अग्रवाल, साधना गोयल, नेहा सराफ, सुधा अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, कविता मंगल, मुकेश सिंघल, अनिल गर्ग, महेंद्र अग्रवाल, शौर्य अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल सहित अनेकों अग्रबंधु शामिल हुये।

# 506वां उर्स मेला तीस से

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 13 सितम्बर।** इस माह से शुरू होने वाले विख्यात सूफी संत हजरत ख्वाजा खानून साहब के 506वें मेले की तारीखें घोषित कर दी गई हैं। दरगाह के सज्जादानशीन हजरत ख्वाजा राशिद खानूनी ने बताया कि हजरत का 506वां उर्स आगामी तीस अक्टूबर बुधवार से परम्परागत ढंग से प्रारंभ होगा।
उर्स संयोजक रामबाबू कटारे ने बताया कि आठ दिवसीय उर्स महोत्सव में तीस अक्टूबर से 6 नवंबर तक धार्मिक आयोजनों के अलावा साहित्यिक आयोजन में अखिल भारतीय मनकवती तरही मुशायरा, और राष्टीय सेमिनार होगा। उत्सव - कब्बाली और संत सम्मेलन के विशेष आयोजन होंगे। दरगाह के नायब सज्जादानशीन डॉ एजाज खानूनी ने बताया कि उर्स में औरतों की मीलाद और गद्दी की मेहफिल होकर आखिरी दिन अजमेर शरीफ से आई खास चादर पेश होकर कुल का छींटा होगा। उन्होंने बताया कि उर्स की तमाम तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। साथ ही समुचित व्यवस्थाओं के लिए स्थानीय प्रशासन को भी अवगत कराया गया। उल्लेखनीय है कि इस उर्स मेले में देशभर से श्रद्धालु जाति पाति धर्म ऊंच नीच छोटे बड़े का भेद भूलकर समान रूप से भाग लेते हैं।

## संदिग्ध परिस्थिति में फांसी पर लटका मिला शव

ग्वालियर। कोतवाली थाना क्षेत्र के नए ताल स्थित पहाड़ी के पीछे शनिवार शाम अज्ञात व्यक्ति की शव संदिग्ध अवस्था में फांसी पर झूलता हुआ मिला। सिद्ध बाबा की पहाड़ी के पीछे रखी लोहे के स्टैंड पर फंदा लगाकर अधेड़ ने फांसी लगा ली। आसपास के लोगों ने जब यह देखा तो इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर उसे पीएम के लिए भेजा।

# यात्रियों-कर्मचारियों को किया स्वच्छता के प्रति जागरुक

**कहीं पानी लीक होता दिखे तो तुरंत रोकने के प्रयास करें**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 13 सितम्बर।** भारतीय रेलवे द्वारा चलाए जा रहे देशव्यापी स्वच्छता पखवाड़े के कार्यक्रमों के अंतर्गत उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल पर स्वच्छ प्रसाधन और स्वच्छ पर्यवारण के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम के तहत वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, डबरा, बांदा, चित्रकूट धाम कर्वी, मुरैना, ललितपुर आदि स्टेशनों पर प्रसाधनों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत रेलवे स्टेशनों, कोचिंग डिपो तथा रेलगाड़ियों में सभी शौचालयों में अभियान चलाया गया। रेलवे अस्पतालों, कार्यालयों और आसपास के क्षेत्रों में भी शौचालय ब्लॉकों की भी गहनता सफाई से की गई।

स्वच्छ प्रसाधन दिवस पर शौचालयों की सफाई के साथ ही वहां पानी की उपलब्धता की जांच भी की गई। इसके साथ ही शौचालयों में जल निकासी की व्यवस्था भी दुरुस्त की गई। संबंधित कर्मचारियों को समझाया गया कि प्रसाधन की नियमित सफाई करते रहें। कहीं पानी लीक होता हुआ दिखाई दे तो तुरंत उसको रोकने का प्रयास करें और दुरस्त करने की व्यवस्था करें। अगर प्रसाधन में कोई टूटी हुई वस्तु दिखाई दे तो उसे बदल दें। यात्रियों को खुले में शौच ना करने के लिए जागरुक किया गया। कर्मचारी और यात्रियों को खुले में शौच करने से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छ पर्यावरण दिवस भी मनाया गया। रेल कर्मचारियों और यात्रियों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। रेलवे कर्मचारियों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और वृक्षों को संरक्षित करने का संदेश दिया गया। रेलवे परिसर तथा कार्य स्थल पर प्लास्टिक का न्यूनतम उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सभी को पर्यावरण के 3आर (रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल) के सिद्धांत का अनुसरण करने के लिए कहा गया।

मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा भारतीय रेलवे का एक महत्वपूर्ण अभियान है। इसके माध्यम से लोगों को यह समझाने का प्रयास किया जा रहा है की स्वच्छता एक बेहद जरूरी संस्कार है। कर्मचारियों को प्रसाधन के नियमित सफाई के निर्देश दिए गए। झांसी रेल मंडल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी लगातार कार्य कर रहा है। वृक्षारोपण के साथ ही डीजल के उपयोग में कमी लाई जा रही है। सौर ऊर्जा और हरित ऊर्जा के इस्तेमाल को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

## निगम परिषद की बैठक आज होगी

ग्वालियर। नगर निगम परिषद का विशेष सम्मेलन का आयोजन सभापति मनोज सिंह तोमर की अध्यक्षता में निगम परिषद कार्यालय में 14 अक्टूबर को आयोजित किया जायेगा। दोपहर तीन बजे आयोजित विशेष सम्मेलन में शहर विकास को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा होगी।



## आरबी धारिया सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ के निर्विरोध जिलाध्यक्ष निर्वाचित

ग्वालियर। सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ की वार्षिक बैठक रविवार को कार्यालय संयुक्त संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं सिटी सेंटर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष बीएस वर्मा ने की। मुख्य अतिथि उप प्रांताध्यक्ष एससी नामदेव, विशिष्ट अतिथि प्रांतीय महामंत्री सीपी ठाकुर, कोषाध्यक्ष आरके राठौर एवं प्रवीण मूरजानी थे। इस अवसर पर प्रांताध्यक्ष द्वारा एलपी शुक्ला को प्रांतीय संरक्षक मनोनीत किया गया। जबकि आरबी धारिया को पुनः निर्विरोध जिलाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। बैठक का संचालन उप प्रांताध्यक्ष एवं ग्वालियर चंबल संभाग प्रभारी आरएस कुशवाह ने किया। इस मौके पर एनबी चोकोटिया, यूएस यादव, अतर सिंह रावत, काजू कदम, वीर सिंह राजपूत, बाईसराम धाकड़, अंजना गौर, बीएस जालौन, हेतराम आर्य, उपस्थित रहे।


सत्यमेव जयते
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
भारत सरकार

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग**
वर्ष 2024 - 25 के लिए
एससी छात्रों हेतु मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत उच्चतर शैक्षिक अध्ययन हेतु
**अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्तियाँ प्रदान करने की घोषणा करता है।**

**पात्रता**
- माता-पिता / अभिभावक की वार्षिक आय 2.50 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए
- मान्यताप्राप्त विद्यालयों/ महाविद्यालयों में पाठ्यक्रमों का अध्ययन करने वाले छात्र

**कार्य क्षेत्र**
- कक्षा 11 एवं उसके बाद वाले सभी मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम
- लाभार्थियों का चयन राज्य सरकारों / संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाएगा
- सबसे गरीब परिवारों के आवेदकों को प्राथमिकता

**छात्रवृत्ति**
- पूर्ण अप्रतिदेय शुल्क (ट्यूशन शुल्क सहित)
- 2500 /- रुपए से लेकर 13500/- रुपए का अकादमिक भत्ता
- दिव्यांग छात्रों (विशेष रूप से सक्षम) के लिए 10% अतिरिक्त भत्ता

- छात्र अपने संबंधित राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन करें
- छात्र के पास वैध मोबाइल नम्बर, आधार नम्बर (यूआईडी), आधार से जुड़ा बैंक खाता, आय प्रमाण-पत्र तथा जाति प्रमाण-पत्र होना चाहिए।

शीघ्र आवेदन करें

- योजना के दिशा-निर्देश तथा विस्तृत पात्रता मानदंड नीचे दिए गए लिंक पर उपलब्ध हैं।
http://socialjustice.gov.in/schemes/25

cbc38101/11/0024/2425


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95

# MUTUAL FUNDS NAVs

Here's a ready reckoner to track the day-on-day changes in your equity and balanced fund portfolio


**MUNICIPAL COUNCIL, MANWAT**
Tq- Manwat Dist- Parbhani,
Maharashtra Pincode 431505
Electric Department Tender Notice
No. 01 /2024-25
Outward No./MMC/Elect.
Dept/5484/2024 Date 11/10/2024

The Chief Officer Municipal Council, Manwat invite E- tender for Providing and Erecting LED Light, Street Light LED Poles and Highmast at various Location under Municipal council Manwat Dist Parbhani. The detailed tender notice and blank tender form are available on the www.mahatenders.gov.in from Date 11/10/2024.

Electrical Engineer
Municipal Council Manwat

Chief Officer
Municipal Council Manwat



**Vasmat Municipal Council, Vasmat**

**e-Tender Notice No.01 for- 2024-25**

Vasmat Municipal Council invites e-Tender for the work of Aug. to Vasmat Water Supply Scheme under Nagrotthan Mahabhiyan Tal. Vasmat Dist. Hingoli in the State of Maharashtra, valued at Rs. 128,20,88,246/- Please visit website www.mahatenders.gov.in for detailed information.

**Date: 14/10/2024**

Sd/-
Chief Officer
Vasmat Municipal Council



**विशाखापत्तनम पोर्ट प्राधिकरण**
**VISAKHAPATNAM PORT AUTHORITY**
**VISAKHAPATNAM**

e-Tender Call Notice: 2024_VPT_209137_1, Dt: 25.09.2024

E-Tender is invited in Single Stage two steps System from the experienced bidders meeting the pre-qualifying criteria for the work mentioned below through online bidding on the **website https://eprocure.gov.in/eprocure/app** having Digital Signature Certificate (DSC) issued from any agency authorized by Controller of Certifying Authority (CCA), Govt. of India and which can be traced up to the chain of trust to the Root Certificate of CCA.

**PROJECT**: Upgradation of existing 80 bedded Golden Jubilee Hospital to a 300 bedded Multi-Disciplinary Super Specialty Hospital through PPP mode at Visakhapatnam Port on Design, Built, Finance, Operate and Transfer (DBFOT) basis.



**SCHEDULE II**
**FORM B**
**PUBLIC ANNOUNCEMENT**
*(Regulation 12 of the Insolvency and Bankruptcy (Liquidation Process) Regulations, 2016)*

**FOR THE ATTENTION OF THE STAKEHOLDERS OF GWALIOR POLYPIPES LIMITED**

| Sr. No. | PARTICULARS | DETAILS |
|---|---|---|
| 1. | Name of Corporate Debtor | **GWALIOR POLYPIPES LIMITED** |
| 2. | Date of Incorporation of Corporate Debtor | 19/10/1982 |
| 3. | Authority under which Corporate Debtor is incorporated/registered | ROC Gwalior |
| 4. | Corporate Identity No of corporate debtor | U28939MP1982PLC002072 |
| 5. | Address of the registered office and principal place of Business (if any) of corporate debtor | **Registered office:** Polypipes Estat Malanpur, Industrial Area, Malanpur, Bhind, Madhya Pradesh, 477001 **Principal Place of Business:** A-170, Indraprastha Industrial Area, Road no. 6, Kota, Rajasthan, 324005 |
| 6. | Date of closure of Insolvency Resolution Process | 07th October 2024 |
| 7. | Liquidation commencement date of Corporate Debtor | 07th October 2024 (Date of receipt of order : 10th October 2024) |
| 8. | Name and Registration number of the Insolvency Professional acting as liquidator | Mrs. Chhaya Gupta IBBI/IPA-002/IP-N00984/2020-2021/13133 |
| 9. | Address and E-mail of the Liquidator, as registered with the Board | 1,Bima Nagar,,202,Almas Dreams Apartment, Indore-452001, Madhya Pradesh E-Mail id : guptachayacs@gmail.com |
| 10. | Address and E-mail to be used for correspondence with the Liquidator | Address : 911, Apollo Premier, Vijay Nagar Indore-452010 E-Mail id : liq.gwaliorpolypipes@gmail.com |
| 11. | Last date for submission of claims | 09th November 2024 |

Notice is hereby given that the National Company Law Tribunal Indore Bench has ordered the commencement of liquidation of the M/s Gwalior Polypipes Limited on 07.10.2024(Date of Receipt of order 10.10.2024).

The stakeholders of M/s Gwalior Polypipes Limited are hereby called upon to submit their claims with proof on or before 09th November 2024, to the liquidator at the address mentioned against item No.10.

The financial creditors shall submit their claims with proof by electronic means only. All other creditors may submit the claims with the proof in person, by post or by electronic means.

Submission of false or misleading proof of claims shall attract penalties.

**Date : 14.10.2024**
**Place : Indore, Madhya Pradesh**

SD/-
**Chhaya Gupta**
**Liquidator**
IBBI/IPA-002/IP-N00984/2020-2021/13133
AFA Valid till: 30th June 2025

# डेटा लीक के बाद साइबरहैकर्स ने स्टार हेल्थ से 68 हजार डॉलर की फिरौती मांगी

**कंपनी ने हैकर की 'पहचान करने में मदद' के लिए भारतीय साइबर सुरक्षा अधिकारियों से मांगी सहायता**

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी स्टार हेल्थ ने कहा कि उसे ग्राहक डेटा और मेडिकल रिकॉर्ड के लीक होने के मामले में एक साइबर हैकर से 68,000 डॉलर की फिरौती की मांग मिली है।

स्टार हेल्थ का मार्केट कैप लगभग 4 बिलियन डॉलर है।

कंपनी वर्तमान में प्रतिष्ठा और व्यावसायिक संकट से जूझ रही है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, एक हैकर ने ग्राहकों के संवेदनशील डेटा को लीक करने के लिए टेलीग्राम चैटबॉट्स और एक वेबसाइट का इस्तेमाल किया था, जिसमें टैक्स विवरण और मेडिकल क्लेम पेपर शामिल थे।

कंपनी, जिसके शेयरों में 11 प्रतिशत की गिरावट आई है, ने आंतरिक जांच शुरू की है और टेलीग्राम और हैकर के खिलाफ कानूनी




कार्रवाई की है, जिसकी वेबसाइट स्टार ग्राहकों के डेटा के नमूने साझा करना जारी रखती है।

स्टार, जिसने पहले कहा था कि वह एक लक्षित दुर्भावनापूर्ण साइबर हमले का शिकार है, ने शनिवार को पहली बार खुलासा किया कि अगस्त में धमकी देने वाले ने कंपनी के प्रबंध निदेशक और उसके प्रमुख को संबोधित एक ईमेल में 68,000 डॉलर की फिरौती की मांग की थी। कंपनी की तरफ से यह बयान तब आया जब भारतीय स्टॉक एक्सचेंजों ने रॉयटर्स की एक रिपोर्ट पर शुक्रवार को स्टार से स्पष्टीकरण मांगा कि कंपनी आरोपों की जांच कर रही है कि उसका मुख्य सुरक्षा अधिकारी डेटा लीक में शामिल था।

स्टार ने कहा, टेलीग्राम ने खाता विवरण साझा करने या हैकर से जुड़े खातों पर स्थाई रूप से प्रतिबंध लगाने से इनकार कर दिया है। कंपनी ने कहा कि उसने हैकर की पहचान करने में मदद करने के लिए भारतीय साइबर सुरक्षा अधिकारियों से सहायता मांगी है।

## टीसीएस का मार्केट कैप 35,638 करोड़ रु. गिरा

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से सात का मार्केट कैप पिछले सप्ताह संयुक्त रूप से 1,22,107.11 करोड़ रुपए घट गया। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। शेयर बाजार में कमजोर रुख के अनुरूप प्रमुख कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई।

पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 307.09 अंक यानी 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,381.36 पर आ गया। देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का बाजार मूल्यांकन 35,638.16 करोड़ रुपए कम होकर 15,01,723.41 करोड़ रुपए रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 21,351.71 करोड़ रुपए घटकर 18,55,366.53 करोड़ रुपए पर रहा। वहीं आईटीसी का मूल्यांकन 18,761.4 करोड़ रुपए घटकर 6,10,933.66 करोड़ रुपए जबकि हिंदुस्तान यूनिलीवर लि. का बाजार पूंजीकरण 16,047.71 करोड़ रुपए घटकर 6,53,315.60 करोड़ रुपए रहा।

भारतीय जीवन बीमा निगम का बाजार पूंजीकरण 13,946.62 करोड़ रुपए घटकर 6,00,179.03 करोड़ रुपए और आईसीआईसीआई बैंक का एमकैप 11,363.35 करोड़ रुपए घटकर 8,61,696.24 करोड़ रुपए रहा। साथ ही एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 4,998.16 करोड़ रुपए घटकर 12,59,269.19 करोड़ रुपए रहा।

हालांकि, भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 26,330.84 करोड़ रुपए बढ़कर 9,60,435.16 करोड़ रुपए पहुंच गया। वहीं इन्फोसिस का एमकैप 6,913.33 करोड़ रुपए बढ़कर 8,03,440.41 करोड़ रुपए और भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 3,034.36 करोड़ रुपए बढ़कर 7,13,968.95 करोड़ रुपए रहा।

मार्केट कैप के फॉर्मूले से साफ है कि कंपनी की जारी शेयरों की कुल संख्या को स्टॉक की कीमत से गुणा करके इसे निकाला जाता है। यानी अगर शेयर का भाव बढ़ेगा तो मार्केट कैप भी बढ़ेगा और शेयर का भाव घटेगा तो मार्केट कैप भी घटेगा। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनी रही। इसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और एलआईसी का स्थान रहा।

### मार्केट कैप कैसे काम आता है

किसी कंपनी के शेयर में मुनाफा मिलेगा या नहीं इसका अनुमान कई फैक्टर्स को देख कर लगाया जाता है। इनमें से एक फैक्टर मार्केट कैप भी होता है।

## फिर गिर सकता है स्टॉक मार्केट !

# एफपीआई की भारत में रिकॉर्ड तोड़ बिकवाली लगातार जारी




महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स (एफपीआई) की बिकवाली लगातार जारी है। यही वजह है कि बीएसई सेसेंक्स 85,000 के स्तर को छूने के बाद गिरकर 81,000 अंकों के करीब आ गया। आइए जानते हैं कि एफपीआई भारतीय बाजारों में बिकवाली क्यों कर रहे हैं, उन्होंने अब कितने शेयर बेचे हैं और क्या यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा?

### एफपीआई ने कितनी बिकवाली की है?

नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड के डेटा के अनुसार, अक्टूबर के आठ कारोबारी सत्रों में एफपीआई भारतीय बाजारों से 58,711 करोड़ रुपए के शेयरों की बिक्री कर चुके हैं। यह 2024 के किसी एक महीने में अब तक की सबसे ज्यादा बिक्री है। अक्टूबर में एफपीआई ने हर दिन शेयरों की बिक्री की है। डेटा के अनुसार, 7-11 अक्टूबर के दौरान पांच कारोबारी सत्रों में एफपीआई ने 31,568.03 करोड़ रुपए के शेयरों की बिक्री की है। इससे पहले के सप्ताह में तीन कारोबारी सत्रों के दौरान एफपीआई ने 27,142.17 करोड़ रुपए के शेयरों की बिक्री की थी। इसी साल सितंबर में एफपीआई ने 57,724 करोड़ रुपए के शेयरों की खरीदारी की थी, जो 2024 के दौरान एक महीने में सबसे अधिक खरीदारी थी।

**अब कितना है एफपीआई का निवेश:** एफपीआई ने अक्टूबर में भारतीय बाजारों में भयंकर बिकवाली की है। इससे इक्विटी बाजारों में एफपीआई का शुद्ध निवेश घटकर 41,899 करोड़ रुपए रह गया है। एफपीआई इक्विटी के अलावा डेट या बॉन्ड बाजारों से भी निकासी कर रहे हैं। एनएसडीएल के अनुसार, 12 अक्टूबर तक एफपीआई डेट बाजारों से 1,635 करोड़ रुपए की निकासी कर चुके हैं, जबकि सितंबर में इनमें 1,299 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया था।

**बिकवाली पर क्यों हैं एफपीआई का जोर:** भारतीय बाजार में एफपीआई की बिकवाली की कई वजहें हैं। एक तो भारतीय बाजार का मूल्यांकन काफी अधिक है। कंपनियों के तिमाही नतीजे भी कमजोर आ रहे हैं, जो उनके वैल्यूएशन को जस्टिफाई नहीं कर पा रहे हैं। साथ ही, चीन ने अपने रियल एस्टेट सेक्टर के लिए वित्तीय प्रोत्साहन का एलान किया है। उसके बाजार का वैल्यूएशन भी काफी आकर्षक है। इसलिए एफपीआई भारत में बिकवाली करके चीन जा रहे हैं।

**एफपीआई की निकासी का कितना असर:** एफपीआई की बिकवाली का अभी तक भारतीय बाजार पर बहुत ज्यादा असर नहीं हुआ है, क्योंकि म्यूचुअल फंड्स भारी खरीदारी से बिक्री को संतुलित कर रहे हैं। अक्टूबर में अब तक म्यूचुअल फंड्स 57,792 करोड़ रुपए का निवेश कर चुके हैं। इसके अलावा अन्य श्रेणी के घरेलू निवेशकों ने 11,633 करोड़ रुपए की खरीदारी की है। इससे ओवरऑल बाजार पर एफपीआई की बिकवाली का उतना असर नहीं दिख रहा, जितना सामान्य स्थिति में दिखता।

**बिकवाली पर क्या है एक्सपर्ट की राय:** शेयर बाजार के जानकारों का कहना है कि एफपीआई अभी चीन के शेयरों में निवेश कर रहे हैं, जो अब भी सस्ते हैं। चीनी सरकार के वित्तीय प्रोत्साहन ने उसे और भी आकर्षक बना दिया है। हालांकि, एक्सपर्ट का यह भी कहना है कि चीन की तुलना में भारत में अब विकास की बेहतर संभावनाएं हैं। इसलिए भारत ऊंचे मूल्यांकन का भी हकदार है। एफपीआई को देर-सबेर वापस भारतीय बाजार का रुख करना ही पड़ेगा।

## इस हफ्ते आएंगे 3 आईपीओ, हुंडई मोटर मचाएगा धमाल

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** 14 अक्टूबर से शुरू होने वाले सप्ताह में 3 आईपीओ प्राइमरी मार्केट में एंट्री लेने वाले हैं। मगर इस हफ्ते आने वाले आईपीओ में सबसे अहम जो होगा, वह हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड का आईपीओ है। यह मेनबोर्ड सेगमेंट का आईपीओ है। इसके अलावा, जिन दो कंपनियों के आईपीओ आ रहे हैं, वे एसएमई सेगमेंट के आईपीओ हैं। एसएमई सेगमेंट में निवेश करना आम निवेशकों के लिए आसान नहीं होता, क्योंकि कंपनी भले ही छोटी होती है मगर बोली लगाने के लिए ज्यादा रकम की जरूरत पड़ती है।

मेनबोर्ड सेगमेंट की बात की जाए तो हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड का आईपीओ भारत के प्राइमरी मार्केट में एक रिकॉर्ड तोड़ने जा रहा है। यह सबसे बड़ी फंडिंग जुटाने वाला आईपीओ होगा। इससे पहले, बीमा कंपनी एलआईसी 21,000 करोड़ रुपए का आईपीओ लेकर आई थी। हुंडई मोटर इंडिया 27,870.16 करोड़ रुपए का होगा। हालांकि, यह बड़ा आईपीओ तो है मगर ग्रे मार्केट से बहुत उत्साहजनक रुझान नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में आइए सबसे पहले जानते हैं हुंडई मोटर इंडिया के प्राइस बैंड से लेकर जीएमपी और लिस्टिंग तक की सारी डिटेल्स और फिर दो अन्य एसएमई आईपीओ के बारे में हुंडई मोटर इंडिया सब्सक्रिप्शन के लिए 15 अक्टूबर को ओपन होगा और 17 अक्टूबरबर को क्लोज हो जाएगा। 14 अक्टूबर को कंपनी का आईपीओ एंकर इन्वेस्टर्स के लिए ओपन होगा। एंकर इन्वेस्टर्स से कंपनी 8,315.28 करोड़ रुपए जुटाएगी। ब्लूमबर्ग ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि आईपीओ के लिए एंकर बुक भारत में अब तक का सबसे बड़ा होने वाला है। यह पूरी तरह से अलॉट किया गया है, जिसमें आधा घरेलू संस्थानों और दूसरा आधा अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को दिया जाएगा। प्रॉस्पेक्टस के अनुसार, एंकर निवेशक के हिस्से में 4.24 करोड़ शेयर शामिल हैं। हुंडई मोटर इंडिया आईपीओ के जरिये कुल मिलाकर 27,870.16 करोड़ रुपए 14.22 करोड़ शेयरों के जरिये जुटाएगी। ये फंडरेजिंग ऑफर फॉर सेल के जरिये होगी। कंपनी कोई भी फ्रेश इश्यू यानी नए शेयर जारी नहीं करेगी। हुंडई मोटर इंडिया साउथ कोरिया की हुंडई मोटर कंपनी की 100 फीसदी हिस्सेदारी वाली सब्सिडियरी कंपनी है।

नगर निगम, कोटा दक्षिण-उत्तर
131 वां राष्ट्रीय दशहरा मेला, कोटा
प्रसिद्ध गायक जतिन उदासी
द्वारा
सिंधी कार्यक्रम
14-10-2024, सोमवार | रात्रि 8.30 बजे
विजय श्री रंगमंच, दशहरा मैदान, कोटा
मुख्य अतिथि
श्री श्रीचन्द कृपलानी
माननीय विधायक, निम्बाहेड़ा
गरिमामयी उपस्थिति
श्री ओम आडवाणी
अध्यक्ष, पूज्य सिन्धी जनरल पंचायत, कोटा
श्री गिरधारी लाल पंजवानी
अध्यक्ष, संत कंवरराम सिन्धी धर्मशाला, कोटा
आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।
प्रायोजक: Bhatia Group | सौजन्य: पूज्य सिंधी जनरल पंचायत, कोटा
विनीत
विवेक राजवंशी, अध्यक्ष एवं समस्त सदस्य, मेला समिति
नगर निगम दक्षिण-उत्तर परिवार
कार्यक्रम का सीधा प्रसारण /kotadussehramelaofficial1 पर

## आज फोकस में होंगे स्टॉक

# मुकेश अंबानी की कंपनी देगी एक पर एक शेयर फ्री

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड एक शेयर पर एक शेयर बोनस देगी। रिलायंस ने दी जानकारी में बताया था कि कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने एनुअल जनरल मीटिंग में 1 शेयर पर एक शेयर बोनस के लिए अप्रूवल दिया था। इसका मतलब यह है योग्य निवेशकों को कंपनी की तरफ से 10 रुपए के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर एक शेयर अतिरिक्त मिलेगा। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि कंपनी दिवाली से पहले निवेशकों को बड़ा तोहफा दे सकती है। बता दें, हालांकि रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अभी तक बोनस इश्यू के लिए रिकॉर्ड डेट का ऐलान नहीं किया है।

मुकेश अंबानी की इस कंपनी की बोर्ड मीटिंग 14 अक्टूबर को होनी है। इसी मीटिंग में कंपनी की तरफ से बोनस इश्यू के लिए रिकॉर्ड डेट का ऐलान किया जा सकता है। इसी दिन कंपनी की तरफ से दूसरी तिमाही और चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही का नतीजा घोषित किया जा सकता है। आज




कंपनी के शेयर फोकस में रहेंगे। सेबी के नियमों के अनुसार रिलायंस इंडस्ट्रीज की सिक्योरिटीज में ट्रेडिंग विंडो एक अक्टूबर से बंद है। कंपनी के वित्तीय नतीजे सामने आने के बाद भी 48 घंटों तक यह बंद रहेगा।

### कंपनी ने 2017 में दिया था बोनस शेयर

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 2017 में बोनस शेयर दिया था। तब कंपनी एक शेयर पर एक शेयर बोनस दिया था। 2009 में भी कंपनी ने निवेशकों को बोनस शेयर दिया था। तब भी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 1 शेयर पर 1 शेयर बोनस दिया था। बता दें, 19 अगस्त 2024 को कंपनी एक्स-डिविडेंड के तौर पर ट्रेड किया था। तब कंपनी ने हर शेयर पर 10 रुपए का डिविडेंड दिया था। शुक्रवार को कंपनी के शेयर 2742.20 रुपए के लेवल पर बंद हुआ था। कंपनी का 52 वीक हाई 3,217.90 रुपए और 52 वीक लो लेवल 2,221.05 रुपए है।

## सोने के दाम बढ़े, चांदी फिसली

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में मंगलवार को तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, मंगलवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 482 रुपए बढ़कर 70,372 रुपए पर पहुंच गया। सोमवार को इसके दाम 69,890 रुपए प्रति दस ग्राम थे। हालांकि एक किलो चांदी 526 रुपए गिरकर 80,598 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 81,124 रुपए किलो प्रति पर थी। इस साल सोना मई में 74,222 प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई पर पहुंच चुका है। वहीं, चांदी 29 मई को अपने ऑल टाइम हाई 94,280 रुपए प्रति पर पहुंच गई थी। सर्राफा बाजार के अनुसार इस साल अब तक सोने के दाम 7,020 रुपए बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,352 रुपए पर था, जो अब 70,372 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है। वहीं एक किलो चांदी के दाम 73,395 रुपए से बढ़कर 80,598 रुपए पर पहुंच गए हैं।

अनुसूची ।।
प्रपत्र बी
सार्वजनिक उद्घोषणा
(इन्सॉल्वैन्सी एंड बैंकरप्सी (परिसमापन प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियमन 12)

ग्वालियर पॉलीपाइप्स लिमिटेड के हितधारकों के ध्यानार्थ

| क्र.सं. | विवरण | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | कार्पोरेट ऋणधारक का नाम | **ग्वालियर पॉलीपाइप्स लिमिटेड** |
| 2. | कार्पोरेट ऋणधारक के निगमन की तिथि | 19/10/1982 |
| 3. | वह प्राधिकरण जिसके अधीन कॉर्पोरेट ऋणधारक निगमित / पंजीकृत है | आर ओ सी ग्वालियर |
| 4. | कॉर्पोरेट देनदार की कॉर्पोरेट पहचान संख्या / देयता पहचान सं. | U28939MP1982PLC002072 |
| 5. | कॉर्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय और व्यवसाय के मुख्य स्थान (यदि कोई हो) का पता | **पंजीकृत कार्यालय:** पॉलीपाइप्स एस्टेट मालनपुर, औद्योगिक क्षेत्र, मालनपुर, भिंड, मध्य प्रदेश, 477001 **व्यवसाय का मुख्य कार्यालय:** ए–170, इंद्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र, रोड नंबर 6, कोटा, राजस्थान, 324005 |
| 6. | इन्सॉल्वैन्सी प्रस्ताव प्रक्रिया समाप्त होने की तिथि | 07 अक्टूबर 2024 |
| 7. | कॉर्पोरेट ऋणधारक का परिसमापन शुरू होने की तिथि | 07 अक्टूबर 2024 (आदेश प्राप्ति की तिथि रू 10 अक्टूबर 2024) |
| 8. | परिसमापक के रूप में इन्सॉल्वैन्सी प्रोफेशनल का नाम एवं पंजीकरण संख्या | श्रीमती छाया गुप्ता IBBI/IPA-002/IP-N00984/2020-2021/13133 |
| 9. | बोर्ड के पास पंजीकृत परिसमापक का पता तथा ई–मेल | 1, बीमा नगर, 202, अल्मास ड्रीम्स अपार्टमेंट, इंदौर–452001, मध्य प्रदेश ईमेल: guptachayacs@gmail.com |
| 10. | परिसमापक के साथ पत्राचार हेतु इस्तेमाल किया जाने वाला पता एवं ईमेल | पता : 911, अपोलो प्रीमियर, विजय नगर इंदौर–452010 ई–मेल आईडी: liq.gwaliorpolypipes@gmail.com |
| 11. | दावे जमा करने की अंतिम तिथि | 09 नवंबर 2024 |

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण की इंदौर पीठ ने 07.10.2024 (आदेश प्राप्ति की तिथि 10.10.2024) को मेसर्स ग्वालियर पॉलीपाइप्स लिमिटेड के परिसमापन की शुरुआत करने का आदेश दिया है।
मेसर्स ग्वालियर पॉलीपाइप्स लिमिटेड के हितधारकों से अनुरोध है कि वे 09 नवंबर 2024 को या उससे पहले मद संख्या 10 के समक्ष उल्लिखित पते पर परिसमापक को अपने दावे प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।
वित्तीय ऋणदाता अपने दावे प्रमाण सहित केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। अन्य सभी ऋणदाता प्रमाण सहित दावे व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।
दावों के झूठे या भ्रामक प्रमाण प्रस्तुत करने पर दंड लगाया जाएगा।

हस्ता/
छाया गुप्ता
परिसमापक
IBBI/IPA-002/IP-N00984/2020-2021/13133
एफएए वैधता 30 जून 2025 तक
स्थान: इंदौर मध्य प्रदेश
दिनांक: 14-10-2024

## तेजी से विकास कर रहा ग्रामीण भारत

# 5 वर्ष में औसत आय 58 फीसदी बढ़ी, खाद्य व्यय घटकर 47 फीसदी हुआ

### हर माह साढ़े चार हजार ज्यादा कमा रहे ग्रामीण

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** सरकारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, केवल पांच वर्षों में औसत ग्रामीण आय में 58 फीसदी की उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है जो 2016-17 में 8,059 रुपए थी। 2021-22 में यह बढ़कर 12,698 रुपए हो गई है। यह बढ़ता रुझान समावेशी विकास की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रमाण है।

केंद्र सरकार का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण भारत तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है। बढ़ती आय, बेहतर बचत, बढ़ती वित्तीय साक्षरता और विस्तारित बीमा के साथ ग्रामीण परिवार अधिक सुरक्षित और भविष्य के लिए तैयार हो रहे हैं। सरकार का दावा है कि मात्र 5 सालों में ही औसत ग्रामीण आय में 58 फीसदी की वृद्धि हुई है।

सरकारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, केवल पांच वर्षों में औसत ग्रामीण आय में 58 फीसदी की उल्लेखनीय



बढ़ोतरी हुई है जो 2016-17 में 8,059 रुपए थी। 2021-22 में यह बढ़कर 12,698 रुपए हो गई है। यह बढ़ता रुझान समावेशी विकास की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रमाण है। साथ ही कहा कि पहली बार गैर खाद्य व्यय 50 फीसदी से अधिक हो गया है। यह 2011-12 में 46 फीसदी से बढ़कर 2022-23 में 54 प्रतिशत हो गया है।

आंकड़ों के अनुसार, मौजूदा सरकार के कार्यकाल में खाद्य व्यय 53 फीसदी से घटकर 47 फीसदी हो गया है। यह अधिक वित्तीय लचीलेपन और जीवनशैली में सुधार को दर्शाता है।

### सालाना बचत में 45 फीसदी की बढ़ोतरी

सरकार के अनुसार, ग्रामीण भारत में सालाना बचत में 45 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है। यह मात्र 5 सालों में 9,104 रुपए से बढ़कर 13,209 रुपए हो गई। यह हमारे गांवों की बढ़ती वित्तीय ताकत को दिखाता है।

### बीमा से अपना भविष्य कर रहे सुरक्षित

सरकार का कहना है कि पांच सालों में बीमा कवरेज 25.50 फीसदी से बढ़कर 80.3 फीसदी हो गया है, जोकि बहुत ही प्रभावशाली है। अधिक ग्रामीण परिवार बेहतर वित्तीय फैसलों के साथ अपना भविष्य सुरक्षित कर रहे हैं।

### वित्तीय साक्षरता भी बढ़ी

सरकार ने कहा कि शहरों की तरह ही ग्रामीण भारत में भी वित्तीय साक्षरता बढ़ रही है। वित्तीय साक्षरता 2016-17 में 33.9 फीसदी से बढ़कर 2021-22 में 51.3 फीसदी हो गई है। अधिक लोग अब सूचित वित्तीय निर्णय लेने के लिए ज्ञान से लबरेज हैं।